अपनी निकास नाली को वसा-मुक्त आहार पर रखें।

वसा, तेल, और ग्रीस को निकास नाली से बाहर रख कर अपने व्यापार और हमारे समुदाय की रक्षा करें।

जब वसा, तेल और ग्रीस (एफओजी) निकास नाली में बहते हैं, तो वे आपके व्यापार के लिए बहुत सी समस्याएं पैदा कर सकते हैं – अवरुद्ध पाइप, घटा हुआ प्लंबिंग प्रवाह, दुर्गन्ध या यहाँ तक कि नाली का उल्टा प्रवाह (बैकअप)। परिणामस्वरूप आपको समय, पैसा और ग्राहकों की कीमत चुकानी पड़ सकती है।

एक अच्छे प्रकार से अनुरक्षित ग्रीस इंटरसेप्टर (जो ग्रीस ट्रैप के रूप में भी जाना जाता है) आपके व्यापार के जोखिम को कम करने में सहायता करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपकी रसोई में कुछ सरल क्रियाएँ भी एफओजी की उस मात्रा को प्रचण्ड रूप से घटाने में सहायता कर सकती हैं जो आपका व्यापार नीचे निकास नाली में भेजता है।

वसा, तेल और ग्रीस को निकास नाली से बाहर रखने में सहायता करने के लिए:

1. खाना पकाने के उपकरणों को धोने से पहले एफओजी को पोंछें।

खाना पकाने के उपकरणों को धोने से पहले पोंछने के लिए किसी कागज के तौलिए का उपयोग करें। यह सरल कार्रवाई नीचे निकास नाली में जाने वाले एफओजी की मात्रा को प्रचण्डता से घटाती है। अपने ग्रीस ट्रैप और इंटरसेप्टर पर दबाव को कम करने से अवरोध, दुर्गंध और नाली का उल्टा प्रवाह घट जाता है।

2. धोने से पहले बर्तनों को रगड़ कर साफ करें

किसी गंदे बर्तन में से अतिरिक्त तेल, वसा और ग्रीस अंततः नाली में ही जाते हैं। धोने से पहले बर्तनों को रगड़ कर साफ करना निकास नाली में जाने वाली वसा, तेल, और ग्रीस की मात्रा में नाटकीय रूप से कटौती करता है।

3. उपयोग की हुई कड़ाही की ग्रीस को मुफ़्त में पुनःचक्रण करें

पुनःचक्रण करने के लिए उपयोग की हुई कड़ाही की ग्रीस (जैसे कि, कैनोला और ज़ैतून का तेल अधिकांशतः डीप फ्राइ करने में उपयोग किए जाते हैं) को संचित करें। विभिन्न तृतीय पक्ष कड़ाही की ग्रीस को मुफ़्त में उठाते हैं और इसे बायोडीज़ल में पुनःचक्रित करते हैं।

4. ग्रीस इंटरसेप्टर का नियमित रूप से निरीक्षण करें और इसे साफ करें

एफओजी-संबंधी समस्याओं को घटाने के लिए अपने ग्रीस इंटरसेप्टर का नियमित अनुरक्षण करना (अर्थात् निरीक्षण और सफाई) एक महत्वपूर्ण कदम है। आपके व्यवसाय पर निर्भर करते हुए, सफाई और रख-रखाव की आवृत्ति अलग-अलग होगी। आप इसे स्वयं साफ कर सकते हैं या अपने लिए इसे करवाने हेतु किसी कर्षण (हॉलिंग) कंपनी को किराए पर ले सकते हैं। अपने ग्रीस इंटरसेप्टर के अनुरक्षण पर अधिक जानकारी के लिए calgary.ca पर जाएँ या 3-1-1 पर कॉल करें।

एक अच्छा पड़ोसी होना अच्छी बात है

जब एफओजी किसी खराब अनुरक्षित ग्रीस इंटरसेप्टर को बाइपास कर देता है, तो यह दि सिटी की अपशिष्ट-जल प्रणाली में भर जाता है, परिणामस्वरूप नाली का उल्टा प्रवाह (सीवर बैकअप), महंगी क्षति और कई घरों और व्यवसायों को असुविधा होती है।

2012-1357